# हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्तूबर, 2017 स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया

स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जो भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा है । पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन संख्या-12-4/2017-EE(SBM) दिनांक: 18.09.2017 व भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के निर्देशानुसार हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में **17 सितम्बर, 2017 से 02 अक्तूबर, 2017** स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया । इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संस्थान परिसर, विश्राम गृह, संस्थान की सम्पर्क सड़क, आवासीय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र की सफाई की गई ।



























